
PASS EXAM YEAR

# UP-RO-ARO EXAM TEST SERIES -2024

सफलता के लिए अंतिम प्रहार

# HINDI TEST SERIES - 4



Join Test Series

7376789729

डेमो टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए
दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

## Hindi (Test)

## with Answer Key

समय 30 मिनट

प्रश्नो की संख्या : 60

**1. निम्नलिखित में 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(a) इला (b) अचला
(c) अचल (d) अवनि

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'पृथ्वी' का पर्यायवाची 'इला, अचला,अवनि' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**2. निम्नलिखित में 'खर' का पर्याय शब्द नहीं है-**

(a) दुष्ट (b) गदहा
(c) तिनका (d) तेज

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'खर' का पर्याय तेज, गदहा तथा तिनका होता है। 'दुष्ट', 'खल' का पर्याय होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**3. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।
(b) व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ्य रहें।
(c) एक-एक करके सभी मर गए।
(d) तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी।

**व्याख्या (d) -** ऊपर दिए गए प्रश्न के वाक्यों में विकल्प (d) का वाक्य 'तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी' शुद्ध है। इस प्रश्न के अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं। विकल्प (a) का शुद्ध रूप होगा- 'मेरे लिए बर्फ और आग लाओ', विकल्प (b) का शुद्ध रूप होगा- 'व्यायाम करना चाहिए, जिससे कि स्वस्थ रहें', विकल्प (c) का शुद्ध रूप होगा- 'सभी एक-एक करके मर गए'। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**4. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(a) संसारिक समस्याओं में सभी फंसे हैं।
(b) निरपराध व्यक्ति को दण्ड क्यों मिला?
(c) हिन्दी देवनागरी लिपी में लिखी जाती है।
(d) अत्याधिक दुःख सहा नहीं जाता।

**व्याख्या (b)** - विकल्प (b) का वाक्य शुद्ध है। अन्य विकल्पों में वर्तनी की अशुद्धियाँ हैं। विकल्प (a) में 'संसारिक' के स्थान पर 'सांसारिक', विकल्प (c) में 'लिपी' के स्थान पर 'लिपि' तथा विकल्प (d) में 'अत्याधिक' के स्थान पर 'अत्यधिक' होना चाहिए। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**5. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**

(a) पूज्यनीय (b) तत्कालिक
(c) प्रामाणिक (d) पैत्रिक

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'प्रामाणिक' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं, इनका शुद्ध रूप होगा- पूजनीय, तात्कालिक, पैतृक । अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है ।

**6. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) सृष्टी (c) अभ्यंतरिक
(b) अनधिकार (d) समुद्रिक

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'अनधिकार' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं, इनका शुद्ध रूप होगा- सृष्टि, अभ्यांतरिक, सामुद्रिक अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**7. 'मोक्ष पाने की इच्छा करने वाला' इन अनेक शब्दों के लिए शुद्ध शब्द इनमें से है।**

(a) तितिक्षा (b) तितीर्षु
(c) तितिक्षु (d) मरजीवा

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'तितीर्षु' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प गलत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**8. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) उँगली (b) बाँस
(c) पांचवां (d) दाँत

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'पांचवां' अशुद्ध वर्तनी है, इसका शुद्ध रूप होगा- पाँचवाँ शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**9. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है-**

(a) अनुग्रहीत (b) अनूग्रहीत
(c) अनुगृहीत (d) अनुगृहित

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अनुगृहीत' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प गलत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**10. निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से शुद्ध युग्म है-**

(a) अल्पज्ञ - बहुज्ञ
(b) संयुक्त - संधियुक्त
(c) समस्त - अभ्यस्त
(d) अज्ञ - अनभिज्ञ

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (a) सही है, शेष विकल्प गलत हैं, इनका शुद्ध रूप 'संयुक्त पृथक, समस्त-असमस्त, अज्ञ-विज्ञ' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**11. 'अमृत' का विलोम है-**

(a) अर्क (b) पीयूष
(c) मधुर (d) विष

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अमृत' का विलोम 'विष' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**12. 'सदाचार' का विलोम है-**

(a) आचार (b) कदाचार
(c) अपराध (d) अन्याय

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'सदाचार' का विलोम 'कदाचार' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**13. निम्नलिखित में से 'मीन' का समानार्थी है-**

(a) झख (b) शिलीमुख
(c) अलि (d) षट्पद

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'मीन' का पर्यायवाची 'झख' होता है। शिलीमुख, अलि तथा षट्पद 'भौंरा' का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**14. 'बिजली' का पर्याय है-**

(a) शर्वरी (b) तनया
(c) रमणी (d) दामिनी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'बिजली' का पर्यायवाची 'दामिनी' है। 'शर्वरी' रात का, 'तनया' पुत्री का, 'रमणी' युवती का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d)

**15. निम्नलिखित में से एक शब्द 'स्थूल' का विलोम नहीं है-**

(a) सूक्ष्म (b) तन्वी
(c) दुर्बल (d) शाश्वत

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'स्थूल का विलोम' 'सूक्ष्म, तन्वी तथा दुर्बल' तीनों हैं, जबकि 'शाश्वत इससे भिन्न है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**16. निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से सही युग्म है-**

(a) विशेष - आशेष

(b) विपत्ति - आपत्ति

(c) स्वतन्त्रता - स्वाधीनता

(d) वक्र - ऋजु

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (d) सही है, शेष विकल्प गलत हैं, इनका शुद्ध रूप 'विशेष- सामान्य, विपत्ति-संपत्ति, स्वतन्त्रता परतन्त्रता, स्वाधीनता-पराधीनता' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**17. 'दुश्चरित्र व्यक्ति से संबंध नहीं रखना चाहिए।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'दुश्चरित्र' शब्द व्याकरण की दृष्टि से किस संवर्ग में है?**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम

(c) विशेषण (d) क्रियाविशेषण

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'दुश्चरित्र' विशेषण है, क्योंकि यह 'व्यक्ति' की विशेषता बता रहा है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**18. 'लाखों लोगों ने इसे महसूस किया है' वाक्य में विशेषण है-**

(a) महसूस (b) लोगो

(c) लाखों (d) इसे

**व्याख्या (c)** - दिए गए वाक्य में 'लाखों' शब्द विशेषण है। तथा यह अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण के अंतर्गत आता है। 'जो विशेषण अपने विशेष्य की अनिश्चित संख्या का बोध कराता है, अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाता है। जैसे- बहुत, कम, अधिक, पचासों, सैकड़ों, हजारों, लाखों' अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**19. एक की वर्तनी शुद्ध है-**

(a) अधिकारिक (b) आधिकारिक

(c) अधिकारक (d) अधीकारिक

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'आधिकारिक' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**20. 'आवर्त' के लिए सही विलोम है-**

(a) सिद्ध (b) शुद्ध

(c) गर्हित (d) विहित

**व्याख्या (b)** दिए गए प्रश्न में 'आवर्त' का विलोम 'अनावर्तक' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**21. इनमें से विलोम शब्दों का एक गलत युग्म है।**

(a) दक्षिण - वाम (b) उद्यम - निरुद्यम

(c) विधि - निषेध (d) बर्बर - सभ्य

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (b) गलत है, इसका शुद्ध रूप 'उद्यमी-निरुद्यम' होगा। शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**22. 'कोई आदमी आया हैं' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है-**

(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक

(c) प्रश्नवाचक (d) संबंधवाचक

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'कोई आदमी आया हैं' वाक्य वाक्य में 'कोई' एक अनिश्चयवाचक विशेषण है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**23. 'प्रयागराज में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है।' में 'दसवाँ' शब्द है-**

(a) गणनावाचक विशेषण

(b) क्रमवाचक विशेषण

(c) आवृत्तिवाचक विशेषण

(d) समुदायवाचक विशेषण

**व्याख्या (b)** - जो विशेषण अपने विशेष्य के क्रम को बताता है, क्रमवाचक विशेषण कहलाता है। जैसे- पहला, दूसरा, चौथा, पाँचवाँ, आठवाँ, दसवाँ। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**24. एक वाक्य में विशेषण अशुद्ध है, वह है-**

(a) सुन्दरी लड़की (b) सुन्दर लड़की

(c) सुन्दर लड़का (d) सुन्दर लड़के

**व्याख्या (a)** - कुछ विशेषण शब्द अविकारी शब्द की तरह उदासीन 7 होते हैं, जिन पर वचन अथवा लिंग का कोई प्रभाव नहीं पड़ता जैसे- सुंदर, उच्च, निम्न आदि। दिए गए प्रश्न में 'सुन्दरी लड़की' अशुद्ध विकल्प है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।।

**25. 'तिमिर' का पर्यायवाची है-**

(a) प्रकाश (b) रात्रि

(c) सूर्य (d) अंधकार

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'तिमिर का पर्यायवाची 'अंधकार' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**26. जिसकी विशेषता बतायी जाये, उसे कहते हैं-**

(a) विशेषण (b) विशेष्य

(c) सर्वनाम (d) विशेषक

**व्याख्या (b)** - जिस संज्ञा की विशेषता बतायी जाए, उसे विशेष्य कहते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**27. निम्नलिखित में से वह वाक्य छाँटिए, जिसमें क्रिया विशेषण का प्रयोग किया गया है।**

(a) यहाँ कैसे-कैसे लोग एकत्र हुए हैं।

(b) वह काली गाय घास चर रही है।

(c) मुझसे खट्टा फल नहीं खाया जाता।

(d) तुम जी-जान लगाकर पढ़ रहे हो।

**व्याख्या (d)** - विकल्प (d) में 'जी जान लगाकर 'प्रयुक्त हुआ है, जो क्रिया-विशेषण है। जबकि विकल्प (a) में 'कैसे-कैसे', विकल्प (b) में 'काली' एवं विकल्प (c) में 'खट्टा' विशेषण शब्द हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**28. 'उसका लड़का लम्बा है' में विशेषण का चयन कीजिए।**

(a) लड़का

(b) लम्बा

(c) उसका

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या (b)** - वाक्य में 'लम्बा' शब्द विशेषण है, इसका विशेष्य 'लड़का' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**29. 'चतुर विद्यार्थी से प्रश्न पूछो।' वाक्य में विशेषण है-**

(a) विद्यार्थी (b) प्रश्न

(c) चतुर (d) पूछो

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'चतुर' एक गुणवाचक विशेषण है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**30. 'वह आदमी, जो कल आपके घर आया था, बहुत बड़ा ठग है।' उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण हैं?**

(a) तीन (b) दो

(c) चार (d) पांच

**व्याख्या (c)** - दिए गए वाक्य में 'वह', 'जो', 'आपके' तथा 'बड़ा' चार विशेषण हैं, एवं आदमी और घर दो विशेष्य। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**31. 'सूर्य' का पर्यायवाची है-**

(a) भास्वर (b) मार्तण्ड
(c) प्रकाश (d) तेज

**32. वह स्त्री जिसका पति परदेश (विदेश) गया हो' वाक्य के लिए एक शब्द है-**

(a) नवोढ़ा (b) प्रवत्स्यतपतिका
(c) प्रोषितपतिका (d) आगतपतिका

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'वह स्त्री जिसका पति परदेश गया हो' वाक्य के लिए एक शब्द 'प्रोषितपतिका' है। 'नयी ब्याही हुई स्त्री 'नवोढ़ा' तथा 'वह स्त्री जिसका पति विदेश जाने को हो, और जो उसके वियोग की कल्पना से दुखी हो' उसे 'प्रवत्स्यतपतिका' कहते। हैं। 'वह स्त्री जिसका पति अभी परदेश से लौटा हो' उसे। 'आगतपतिका' कहते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में सूर्य का पर्यायवाची 'मार्तण्ड' है, जबकि प्रकाश 'आलोक' का, तेज 'तीव्रता या चमक' का एवं भास्वर 'दिन' का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**33. निम्नलिखित में से 'केतु' का पर्याय नहीं है-**

(a) झंडा (b) पताका
(c) निशान (d) ग्रह

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में झंडा, पताका तथा निशान 'केतु' का पर्याय हैं, जबकि ग्रह इससे भिन्न है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**34. 'हुताशन' पर्यायवाची है-**

(a) निर्धन (b) अग्नि
(c) अगणित (d) अखंड

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'हुताशन' का पर्यायवाची 'अग्नि' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**35. 'चौथा' का तत्सम शब्द है -**

(a) चतुष्पद (b) चतुष्क
(c) चतुष्काठ (d) चतुर्थ

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'चौथा' का तत्सम शब्द चतुर्थ होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**36. 'घोड़ा' का उपयुक्त तत्सम शब्द है-**

(a) अश्व (b) घोटक
(c) तुरंग (d) बाजी

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'घोड़ा' का तत्सम शब्द घोटक होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**37. कर्पट' का तद्भव रूप है-**

(a) कपट (b) कारपेट
(c) कपूर (d) कपड़ा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'कर्पट' का तद्भव शब्द कपड़ा होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**38. 'टीका' शब्द का पर्याय है-**

(a) व्याख्या (b) आलेख
(c) टेकुआ (d) तकली

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'टीका' शब्द का पर्याय व्याख्या, वर्णन, विवेचन होता है। 'टेकुआ' तकला (जिससे सूत काता जाता है) का पर्यायवाची है अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**39. अपर्णा' शब्द का पर्यावाची है-**

(a) औरत (b) देवांगना
(c) आराधना (d) पार्वती

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अपर्णा' का पर्यायवाची 'पार्वती' है।। 'औरत' स्त्री का, 'देवांगना' अप्सरा का, 'आराधना' पूजा का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**40. कम बोलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) मितभाषी (b) मृदुभाषी
(c) बहुभाषी (d) अभाषी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'कम बोलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'मितभाषी' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**41. 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द होगा-**

(a) चकित (b) देखते रहना
(c) विपलक (d) निर्निमेष

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द 'निर्निमेष' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**42. 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए उपयुक्त एक शब्द है-**

(a) आशातीत (b) अप्रत्याशित
(c) आशान्वित (d) प्रत्याशा

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए एक शब्द 'अप्रत्याशित' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**43. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है-**

(a) यहाँ मीठे पानी का एक कूआँ है।
(b) एक रुपया में कितने पैसे होते हैं।
(c) आज रेणु देवी का व्याख्यान होगा।
(d) साधू को भिक्षा दो।

**व्याख्या (c)** - विकल्प (c) का शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं- (a) यहाँ मीठे पानी का एक कुआँ है। (b) एक रुपये में कितने पैसे होते हैं। (d) साधु को भिक्षा दो।

**44. निम्नलिखित में से एक अशुद्ध वाक्य है।**

(a) पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए।
(b) दक्षिण भारत के लोग हिन्दीतर भाषी हैं।
(c) सुरेखा ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गायीं।
(d) अब परीक्षा प्रणाली बदलनी चाहिए।

**व्याख्या (a)** - दिए गए वाक्यों में विकल्प (a) 'पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए।' अशुद्ध है। 'पूज्यास्पद' के स्थान पर 'पूज्य' या 'पूजनीय' होना चाहिए। इसका शुद्ध रूप होगा- 'पूज्य व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए'। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**45. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है-**

(a) युद्ध स्थित (b) युद्ध स्थिरी
(c) युधिष्ठिर (d) युद्ध प्रेमी

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 'युधिष्ठिर' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**46. 'जो किसी विषय का ज्ञाता हो' के लिए एक शब्द है-**

(a) अभिज्ञ (b) चौतन्य
(c) विशिष्ट (d) विशेषज्ञ

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'जो किसी विषय का ज्ञाता हो' के लिए एक शब्द 'विशेषज्ञ', जो जानने वाला है' के लिए एक शब्द 'अभिज्ञ' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**47. अपने सहारे पर रहने वाले' के लिए एक शब्द है-**

(a) स्वावलंबी (b) आत्मनिर्भरी
(c) बलिष्ठ (d) आत्मविश्वासी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'अपने सहारे पर रहने वाला' के लिए एक शब्द 'स्वावलंबी' होता है। 'जो अपने ऊपर निर्भर रहता हो, उसे आत्मनिर्भर' कहते हैं, अधिक बलवान को 'बलिष्ठ' कहते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**48. 'कुछ खास शर्तों पर किसी कार्य को करने का समझौता' के लिए एक शब्द है-**

(a) कर्मठता (b) बेलदारी
(c) ठेकेदारी (d) संविदा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'कुछ खास शर्तों पर किसी कार्य को करने का समझौता' के लिए एक शब्द 'संविदा' है। अन्य विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**49. 'किसी पर विजय प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) विजित (b) विजेता
(c) जिगीषु (d) जिज्ञासु

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'किसी पर विजय प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'जिगीषु' होगा। 'जो जीत लिया गया हो उसे 'विजित', 'जिसने विजय प्राप्त की हो 'विजेता' तथा जानने की इच्छा रखने वाला 'जिज्ञासु' कहलाता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**50. 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) शास्त्रज्ञा (b) असूर्यपश्या
(c) स्त्रैण (d) दुर्निवार

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'असूर्यपश्या' है। 'शास्त्र को अच्छी। तरह जानने वाली' 'शास्त्रज्ञा', 'स्त्री के वश में रहने वाला 'स्त्रैण' तथा जो जल्दी रोका या हटाया न जा सके 'दुर्निवार' (दुर्निवार्य) कहलाता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**51. निम्नलिखित में 'हस्ती' किस शब्द का तत्सम रूप है?**

(a) हाथ (b) हार
(c) हाथी (d) हँसी

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'हस्ती' हाथी शब्द का तत्सम रूप है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**52. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है-**

(a) अंगना (b) मयंद
(c) अंगी (d) वानर

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'अंगना' एक तद्भव शब्द है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**53. निम्नांकित में से तद्भव शब्द चुनिए-**

(a) बलवान (b) बाँझ
(c) चमचा (d) आसमान

**व्याख्या (b)** - व्याख्या- दिए गए प्रश्न में 'बाँझ' एक तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'वन्ध्या' होगा। 'बलवान' तथा 'आसमान' तत्सम शब्द हैं, तथा 'चमचा' एक देशज शब्द है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**54. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है-**

(a) नग्न (b) दक्षिण
(c) द्राक्षा (d) दाढ़ी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में दाढ़ी एक तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'दष्ट्रिका' होता है। 'दक्षिण' का तद्भव रूप दाहिना, 'नग्न' का तद्भव रूप नंगा होता है। 'द्राक्षा' एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ अंगूर है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**55. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द है-**

(a) जोगी (b) जोबन
(c) जमाई (d) योवन

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'योवन' का तद्भव शब्द जोबन होता। शेष सभी तद्भव शब्द हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**56. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है-**

(a) पंक्ति (b) पंख
(c) पंदरह (d) पंगत

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'पंक्ति' एक तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द पंगत है। पंख तथा पंद्रह तद्भव हैं, जिनका तत्सम क्रमशः पक्ष तथा पंचदश है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**57. 'गोधूम' का तद्भव शब्द है-**

(a) गोत (b) गोद
(c) गेहूँ (d) गोह

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'गोधूम' का तद्भव शब्द 'गेहूँ' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**58. 'आभ्यंतर' का विलोम होता है-**

(a) बाह्य (b) अन्दर का
(c) मध्य (d) अभी-अभी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'आभ्यंतर' का विलोम 'बाह्य' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**59. 'निषिद्ध' के लिए सही विलोम शब्द है-**

(a) सिद्ध (b) अनिषिद्ध
(c) विहित (d) घृणित

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'निषिद्ध' का विलोम 'विहित' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**60. निम्नलिखित में एक शब्द 'शुष्क' का विलोम है-**

(a) उष्ण (b) आर्द्र
(c) शीत (d) शिष्ट

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'शुष्क' का विलोम 'आर्द्र' होगा। तथा 'उष्ण' व 'शीत' परस्पर विलोम शब्द हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।